रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 17 फरवरी 2025, वर्ष 10, अंक 396 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

# महाकुंभ- संगम स्टेशन 26 फरवरी तक बंदः राज्यपाल और कंगना रनोट आएंगी



**प्रयागराज** तस्वीर संगम नोज की है। सुबह से स्नान के लिए जबरदस्त भीड़ है। महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। सुबह 8 बजे तक 36 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। भीड़ के चलते संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री फिर से रोक दी गई है और सभी तरह के पास रद्द कर दिए गए हैं। प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला दिया गया है। वाहनों को संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोका जा रहा है, जिससे लोगों को संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है। आज महाकुंभ का 36वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट आज महाकुंभ में रहेंगी और संगम में डुबकी लगाएंगी। इसके अलावा, गुजरात, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी संगम में स्नान करेंगे। आज गंगा पंडाल में 8 घंटे में करीब 10 हजार लोग हैंड प्रिंटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। रविवार को प्रयागराज-रीवा हाईवे पर 15 किमी लंबा जाम लग गया। लखनऊ, कानपुर और जौनपुर के रास्तों पर भी गाड़ियों की लंबी कतारें दिखीं। एयरपोर्ट पर भी यात्री जमीन पर बैठे और लेटे हुए नजर आए। प्रयागराज जंक्शन पर देर रात यात्रियों के आने का सिलसिला इस कदर रहा कि फुट ओवरब्रिज फुल रहे। रविवार रात प्रयागराज के बमरौली स्थित एयरपोर्ट पर यात्री फ्लाइट के इंतजार में जमीन पर बैठे रहे। रविवार रात प्रयागराज के बमरौली स्थित एयरपोर्ट पर यात्री फ्लाइट के इंतजार में जमीन पर बैठे रहे। महाकुंभ में बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने 19 ट्रेनों का रूट डायवर्जन कर दिया है। ये ट्रेनें पहले प्रयागराज या छिवकी स्टेशन से होकर गुजरती थीं, लेकिन अब इन्हें अन्य मार्गों से भेजा जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने यह जानकारी दी। लोकसभा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट, सांसद बीवाई राघवेंद्र और सांसद लावु श्री कृष्ण देवरा यालु आज संगम में डुबकी लगाएंगे।



## नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पटना जैसी होंगी आरा शहर की सड़कें, रिंग रोड को लेकर भी अपडेट

आराः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान भोजपुर जिले को 406 करोड़ रुपये की 307 योजनाओं की सौगात दी। जगदीशपुर प्रखंड के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर से 406.56 करोड़ रुपये की कुल 307 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 165.84 करोड़ रुपये की 145 योजनाओं का उद्घाटन और 240.72 करोड़ रुपये की 162 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के ककिला पंचायत में 667.56 लाख रुपये की लागत से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, भोजपुर के परिसर विकास एवं एक बॉक्स कल्वर्ट सहित पहुंच पथ का उद्घाटन किया। साथ ही 535.27 लाख रुपये की लागत से कृषि कार्य हेतु 11 केवी डेडिकेटेड फिडर का भी उद्घाटन किया। फिर मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के असैनिक सह प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया।

मुआयना के दौरान मुख्यमंत्री ने कंक्रीट टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला, मृदा यांत्रिकी और नींव प्रयोगशाला, हाइड्रोलिक्स और द्रव यांत्रिकी प्रयोगशाला, समार्ट क्लास स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, ककिला के परिसर में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदी की रसोई का फीता काटकर शुभारंभ किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गीत गाकर उनका अभिनंदन किया और उनके प्रति अपना आभार प्रकट किया। भोजपुर जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जीविका दीदी और विभिन्न विभागों की ओर से ककिला ग्राम में लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

## संक्षिप्त खबर

### नीता अंबानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर ने दिया सम्मानः एजुकेशन-हेल्थकेयर और विमन एंपावरमेंट के क्षेत्र में काम के लिए गवर्नर प्रशस्ति पत्र मिला



**नई दिल्ली** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी को अमेरिका के मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने प्रतिष्ठित गवर्नर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। इस प्रशस्ति पत्र में नीता अंबानी को एक विजनरी लीडर, कंपेशनेट फिलैंथरोपिस्ट और ट्र ग्लोबल चेंजमेकर के रूप में मान्यता दी गई है। नीता अंबानी को यह प्रशस्ति पत्र एजुकेशन, हेल्थकेयर, स्पोर्ट्स, आर्ट्स, कल्चर और विमन एंपावरमेंट के क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मेटिव काम करने के लिए उनके लाइफलॉन्ग डेडिकेशन के सम्मान में दिया गया है। अंबानी ने भारत और अन्य स्थानों पर लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। बोस्टन में इस मौके पर नीता अंबानी हस्तनिर्मित शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनी थीं। हाल ही में नीता अंबानी को इंडिया बिजनेस लीडर अवार्ड्स (IBLA) के 20वें एडिशन में 'आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन टू ब्रांड इंडिया' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**USISPF ने भी नीता को किया था सम्मानित**

यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) ने भी नीता अंबानी को फिलैंथरोपी और कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के लिए 2023 ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया था। IOC मेंबर के रूप में नीता ने 40 साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी सेशन को भारत में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। IOC सेशन, ओलंपिक मूवमेंट की सुप्रीम डिसीजन मेकिंग बॉडी है।

**क्या काम करती रिलायंस फाउंडेशन** ? नीता अंबानी की लीडरशिप में रिलायंस फाउंडेशन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है। जिसमें रूरल ट्रांसफॉर्मेशन, एजुकेशन, हेल्थ, स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट, विमन एंपावरमेंट, अर्बन रिन्यूअल, आर्ट्स, कल्चर और हेरिटेज पर फोकस किया गया है। फाउंडेशन ने भारत में 55,550 से ज्यादा गांवों और शहरी स्थानों में 77 मिलियन से ज्यादा लोगों के जीवन को छुआ है।

## दिल्ली-NCR के बाद बिहार में भी भूकंप



**नई दिल्ली** सोमवार की सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-NCR में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। दोनों जगह रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी। भूकंप के तेज झटकों से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर ट्वीट किया। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई भूकंप के तेज झटकों से कई इलाकों में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए ।

## महाकुंभ के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन के दो कोच में तोड़फोड़



**नई दिल्ली** स्टेशन पर प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए यात्रियों की भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। भगदड़ में 10 महिलाओं और 3 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हुई है। पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। भगदड़ में घायल हुए लोगों को लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेशन पर आरपीएफ के अलावा एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई। भीड़ को नियंत्रित करने के बाद स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। घटना से जुड़े पल-पल के अपडेट के लिए बने रहिए नवभारतटाइम्स. कॉम के साथ दिल्ली भगदड़ः विपक्ष ने सरकार पर 'कुप्रबंधन' का आरोप लगाया, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की विपक्षी दलों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 'कुप्रबंधन' के कारण मची भगदड़ के लिए रविवार को सरकार को दोषी ठहराया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गयी थी। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सहित कई विपक्षी दलों ने सरकार पर व्यापक व्यवस्था करने में विफल रहने और मौतों की वास्तविक संख्या को 'छिपाने' का आरोप लगाया। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट कर सरकार का बचाव करने की कोशिश की, जिसमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति सामान्य होते हुए दिख रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को कुछ यात्री फुट ओवरब्रिज से उतरते समय फिसलकर दूसरों पर गिर गए, जिसके बाद भगदड़ मच गई। रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। कुंभ स्पेशल ट्रेन के दो कोच में तोड़-फोड़, गाड़ी में नहीं चढ़ने को लेकर हंगामा महाकुंभ के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन के दो कोच में तोड़फोड़ की गई है। बताया जा रहा गुरु गोरखनाथ धाम रेलवे स्टेशन पर ये घटना हुई। कुंभ स्पेशल ट्रेन नंबर 04255 जो लखनऊ से प्रयागराज जा रही थी देर रात करीब 1.15 बजे इसके दो कोच को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। कोच का गेट नहीं खोले जाने से नाराज लोगों ने तोड़-फोड़ किया।

## झारखंड में गर्मी और ठंड का घमासान! रांची समेत अन्य कई जिलों में बारिश की संभावना



रांचीः झारखंड में मौसम का मिजाज बदला-बदला सा है। कभी गर्मी तो कभी ठंड का एहसास हो रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। राजधानी रांची में बीते 24 घंटों में पारा 5 डिग्री गिरकर 10.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया। मौसम विभाग के अनुसार, 19, 20 और 21 फरवरी को रांची समेत कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी हो सकती है। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का असर भी देखने को मिल रहा है।

**पहाड़ी इलाके से आ रही ठंडी हवाओं से कनकनी बढ़ी** रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में ठंड बढ़ गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में आ रही ठंडी हवाओं की वजह से रांची सहित राज्य के कई इलाकों में ठंड का असर दिखने लगा है। **19 से 21 फरवरी के बीच हल्की बारिश की संभावना** मौसम विभाग ने 19, 20 और 21 फरवरी को रांची और आसपास के जिलों में बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। उसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान 2-3 डिग्री बढ़ सकता है।

**फरवरी के अंतिम सप्ताह में तापमान में होगी बढ़ोतरी** झारखंड में कभी तेज धूप लोगों को परेशान करती है तो कभी सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ा देती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि फरवरी के आखिरी हफ्ते में तापमान और बढ़ सकता है। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने की आशंका है। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। पिछले 24 घंटों में रांची का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर, मेदिनीनगर और बोकारो का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9-10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## चौपारण में लगा 20 किलोमीटर लंबा जामःकुंभ आने-जाने वाली गाड़ियों की लंबी कतार, हजारों लोग फंसे



**हजारीबाग** झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र चौपारण में प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण गंभीर यातायात जाम की स्थिति बन गई है। एनएच-2 (जीटी रोड) पर पांडेबारा से बरही मुख्य चौक तक करीब 20 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई है। महाकुंभ में जाने और वापस लौटने वाले श्रद्धालुओं की बसों और निजी वाहनों की बड़ी संख्या के कारण सड़क पर वाहनों का आना-जाना पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। इस महाजाम की वजह से हजारों यात्री अपने-अपने वाहनों में ही फंसे हुए हैं। कहीं-कहीं जीटी रोड की चौड़ाई कम है। वहीं वाहनों का अत्यधिक दबाव भी है। इस वजह से स्थिति और भी जटिल हो गई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें जाम को हटाने में जुटी हुई हैं। प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है और यातायात को वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ने पर विचार कर रहा है। स्थानीय लोग भी फंसे हुए यात्रियों की मदद के लिए आगे आए हैं। कुछ ग्रामीण और दुकानदार यात्रियों को पानी और खाने-पीने की वस्तुएं उपलब्ध करा रहे हैं।

**वाहन चालकों से धैर्य बनाने की अपील**

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से धैर्य बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है ताकि यातायात को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके।